Hemchandra Vikramaditya

Samrat Hemchandra Vikramaditya or Hemu was the last Hindu emperor of India. Being a member of an ordinary family, he did extraordinary and brilliant deeds in the history of India. Through his ideas and visions, he made tremendous efforts to make his country, Bharat a powerful nation.

He was a capable administrator, a military genius, an able politician and a far-sighted statesman. In true sense, he was the follower of the great Hindu ruler Prithvi Raj Chauhan who fought bravely in the battlefield and sacrificed his life for the country. Hemu, was one of the greatest freedom fighters in the annals of Indian history, who struggled hard against the foreign rulers.

Hemu was born in 1501, in a village Machheri, three miles away from Rajgarh in the region of Alwar (Rajasthan) in Dhusar Brahmin (Bhargava) family. His father Puran Das was a Purohit and a religious person. Saint Puran Das took Sanyas and migrated to Vrindavan to live with famous saint Harivansh of the Vallabha Sampradai Sect.

The family shifted to Qutabpur, a village of Dhusar Brahmins, in Rewari (Haryana) for better prospects. Hemu was brought-up and educated there. He studied Hindi, Sanskrit, Persian and Arabic. During his childhood he was fond of wrestling and horse-riding.

Based at Rewari, which was on main route of traders from Iran, Iraq to Delhi, Hemu started supplying cereals to Sher Shah's army. Later on, he took up supply of saltpeter (gunpowder) to his army.

After Shershah Suri's death on May 22, 1545 A.D., Jalal Khan, the younger son of the former, assumed the title of Islam Shah and became the ruler. Islam Shah recognized the capability and the administrative skills of Hemu and therefore made him his personal advisor. In 1550 AD, Hemu accompanied Islam Shah to Punjab when he was deputed along with other high officers to receive Mirza Kamran, the second son of Babar in the fort of Rohtas. Hemu was soon promoted as the Chief of intelligence or Daroga-ai-dak chauki i.e. Superintendent of Posts. In 1552 and 1553, Hemu held positions as Governor of Punjab and Delhi state also.

In November 1554 Islam Shah died and his 12 years old son Firoz Khan became the ruler, who was killed within three days by Adil Shah Suri. His original name was Mubrez Khan or Mubarak Khan. The new king Adil Shah was an indolent, pleasure-seeker, drunkard and debauch. He faced revolts on all sides. Adil Shah looked to Hemu as Chief Advisor and practically entrusted all his work to him. Hemu now became the Prime Minister and Chief of the Afghan Army.

Most of the Afghan governors revolted against Adil Shah and refused to pay the taxes. Hemu went to various states in North India to crush these revolts**. Hemu fought 22 battles and won all of them.** Battles took place between Hemu and Ibrahim who was a claimant for the sultanate and the former was always victorious. Sultan Mohammad, who had assumed the kingly title in Bengal, was also defeated.

When Humayun returned to India to recover his lost throne, Adil Shah sent Hemu northwards to oppose him, retiring himself to Chunar. When Humayun met with fatal accident on January 26, 1556 AD, Hemu remained in the field to prevent Akbar from taking effective possession of his father's kingdom. Hemu consolidated his army and went from Gwalior to Agra. He defeated Iskandar Khan Uzbeg, Governor of Agra. He occupied Agra with its huge treasure and equipments, and proceeded towards Delhi. Tardi Beg Khan, the Mughal Governor of Delhi, frightened and immediately sent a dispatch to Akbar and Bairam Khan and demanded adequate reinforcements for the defence of the capital. Bairam Khan sent his ablest Commander Pir Mohammad Sherwani with a big army. In Delhi, the battle was fought at Tuglakabad. Hemu defeated the Mughals. Hemu won Delhi after a day's battle on October 6, 1556 AD. Nearly 3000 soldiers died in the battle. Tardi Beg fled away. Hemu entered Delhi victoriously under a royal canopy.

He occupied Delhi and declared his independent status. He had his coronation or Rajyabhishek at Purana Qila in the presence of all the Afghans and Rajput commanders with all religious ceremonies. He issued coins in his name and assumed the historic name **'Vikramaditya' or Raja Bikramjit.** He reorganized the army and made certain appointments, without removing any Afghan. He also made significant reforms in the mercantile system. He dismissed all the corrupt officers and also paid attention towards protection of cow and totally prohibited cow's slaughter.

Though Hemchandra Vikrmaditya ruled for only 29 days, yet it was a historical event in the history of India. He re-established the Hindu Kingdom after centuries of foreign rule. World famous Historian R.C. Majumdar called it, "a unique episode in the history of India during the Muslim rule."

On the news of the fall of Delhi from Akbar's control, the Mughal army at Kalanaur lost heart and many commanders refused to fight Hemu. They advised Akbar to retreat to Kabul, where he would be safer. However, Bairam Khan refused and insisted him to fight with Hemu.

The battle between Hemu and Mughals was finally fought at Panipat on November 5, 1556 AD. Hemu was captured in an unconscious, almost dead state. Bairam Khan desired Akbar to earn the title of Ghazi by flashing his sword on the captive. The forces of Akbar conquered the Sarkar of Alwar which was the home of Hemu.

The vengeance of the Mughals continued. The clan of Dhusar Bhargavas were hounded, brutally beheaded and pyramid of their skulls were built throughout the region. Such painting of Akbar's time is on display in National Archives, New Delhi whose replica can be seen in the War Museum at Panipat. So was the end of one of the glorious periods of the Indian History.

No praise can be too great for Hemu's bold endeavour to re-establish indigenous rule at Delhi after more than 350 years of foreign domination.

Department of Posts is delighted to issue Commemorative Postage Stamp on Hemchandra Vikramaditya, an epitome of valour and courage.

Credits:

Stamps/FDC/Brochure	:	Ms Neetu Arora.
Cancellation Cachet	:	Ms Neetu Arora.
Text	:	Referenced from content provided by Proponent.

भारतीय डाक
India Post

डाक विभाग
Department of Posts



हेमचन्द्र विक्रमादित्य
Hemchandra Vikramaditya

विवरणिका
BROCHURE

हेमचन्द्र विक्रमादित्य

सम्राट हेमचन्द्र विक्रमादित्य अर्थात् हेमू भारत के अंतिम हिंदू शासक थे। एक साधारण से परिवार से संबंध रखने वाले सम्राट हेमू ने अपने असाधारण और शानदार कार्यों की बदौलत भारत के इतिहास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। हेमू ने अपनी विचारधारा और दूरदृष्टि के बल पर भारत को एक शक्तिशाली राष्ट्र बनाने की दिशा में अद्भुत प्रयास किए।

वे एक सक्षम प्रशासक, असाधारण योद्धा, कुशल राजनीतिज्ञ और दूरदर्शी राजनेता थे। वे, सही मायने में, महान हिन्दू शासक पृथ्वी राज चौहान के अनुयायी थे जिन्होंने युद्ध के मैदान में अपना लोहा मनवाया और देश के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया। भारतीय इतिहास के पन्नों में उनका नाम महानतम स्वतंत्रता सेनानी के रूप में दर्ज है, जिन्होंने विदेशी आक्रमणकारियों के खिलाफ अत्यंत बहादुरी से युद्ध लड़ा।

हेमू का जन्म 1501 में अलवर (राजस्थान) क्षेत्र में राजगढ़ से तीन मील दूर स्थित मछेरी नामक गांव के एम धूसर ब्राह्मण (भार्गव) परिवार में हुआ। उनके पिता पूरन दास पुरोहित थे जोकि अत्यंत धार्मिक प्रवृत्ति के व्यक्ति थे। बाद में, संत पूरन दास ने संन्यास ले लिया और वल्लभ सम्प्रदाय पंथ के प्रसिद्ध संत हरिवंश के सान्निधय में जीवन व्यतीत करने के लिए वे वृंदावन जाकर बस गए।

बेहतर जीवन शैली की आशा लिए उनका परिवार रेवाड़ी (हरियाणा) में धूसर ब्राह्मणों के गांव कुतुबपुर में जा बसा। हेमू का पालन–पोषण और शिक्षा रेवाड़ी में पूरी हुई। उन्होंने हिन्दी, संस्कृत, फारसी और अरबी भाषा का अध्ययन किया। बचपन में, वे कुश्ती और घुड़सवारी के भी शौकीन थे।

ईरान, इराक से दिल्ली आने वाले व्यापारियों के मुख्य मार्ग पर स्थित शहर रेवाड़ी में रहते हुए हेमू ने शेरशाह की सेना को रसद की आपूर्ति करना शुरू किया। बाद में, उन्होंने शेरशाह की सेना को बारूद की आपूर्ति करनी शुरू की।

22 मई, 1545 को शेरशाह सूरी की मृत्यु के बाद उनके छोटे पुत्र जलाल खान ने 'इस्लाम शाह' की उपाधि धारण कर सत्ता संभाली। इस्लाम शाह ने हेमू की क्षमता और प्रशासनिक कौशल को पहचाना और उन्हें अपना निजी सलाहकार नियुक्त किया। 1550 में हेमू इस्लाम शाह के साथ पंजाब आए। उन्हें, बाबर के दूसरे पुत्र मिर्जा कामरान के रोहतास के किले में स्वागत के सिलसिले में अन्य उच्च अधिकारियों के साथ तैनात किया गया था। हेमू को शीघ्र ही गुप्तचर प्रमुख अथवा दरोगा–ए–डाक चौकी अर्थात डाक अधीक्षक के रूप में पदोन्नत कर दिया गया। 1552 और 1553 में, हेमू ने पंजाब और दिल्ली राज्य के गवर्नर का पद भी संभाला।

नवम्बर, 1554 में इस्लाम शाह की मृत्यु हो गई और उसका 12 वर्षीय पुत्र फिरोज खान शासक बना। आदिल शाह सूरी द्वारा उसे तीन दिन के अंदर ही मौत के घाट उतार दिया गया। उसका वास्तविक नाम मुनरेज खान अथवा मुबारक खान था। नया शासक आदिल शाह आलसी, भोग–विलासी, मदिरा पान करने वाला तथा अय्याश किस्म का व्यक्ति था। उसे हर ओर से विद्रोह का सामना करना पड़ा। आदिल शाह ने हेमू को मुख्य सलाहकार के रूप में नियुक्त किया और अपनी सारी जिम्मेदारियां उसे सौंप दी। तत्पश्चात् हेमू अफगान सेना के प्रधानमंत्री और प्रमुख बने।

अधिकांश अफगान गवर्नरों ने आदिल शाह के खिलाफ बगावत का बिगुल फूंका और कर देने से इनकार कर दिया। हेमू इन विद्रोहों को कुचलने के लिए उत्तर भारत के विभिन्न राज्यों में गए। हेमू ने 22 युद्ध लड़े और सभी में फतह हासिल की। हेमू और सल्तनत के दावेदार इब्राहिम के बीच अनेक युद्ध हुए और इन सभी में सदैव हेमू ही विजयी हुए। हेमू ने सुल्तान मोहम्मद को भी शिकस्त दी, जिसने बंगाल में सुल्तान की उपाधि ग्रहण कर ली थी।

जब हुमायूँ अपने खोए हुए सिंहासन को पाने के लिए भारत लौटा, तो आदिल शाह ने उसे रोकने के लिए हेमू को उत्तर दिशा में भेजा और स्वयं चुनार में शरण ली। 26 जनवरी, 1556 को एक दुर्घटना में हुमायूँ की मृत्यु हो जाने के बाद भी हेमू युद्ध के मैदान में डटा रहा और अकबर को उसके पिता के सिंहासन पर कब्जा करने से रोका। हेमू ने अपनी सेना को एकजुट किया और ग्वालियर से होते हुए आगरा की ओर बढ़ा। उन्होंने आगरा के गर्वनर इस्कंदर खान उजबेग को पराजित किया। आगरा के विशाल खजाने और सैन्य–सामान पर कब्जा कर हेमू दिल्ली की ओर बढ़ चला। दिल्ली के मुगल गवर्नर तरडी बेग खान ने भयभीत होकर तुरंत अकबर और बैरम खान को पैगाम भेजा और राजधानी की रक्षा के लिए पर्याप्त सैन्य बल भेजने को कहा। बैरम खान ने अपने सबसे योग्य कमांडर पीर मोहम्मद शेरवानी के नेतृत्व में एक विशाल सेना भेजी। दिल्ली के तुगलकाबाद में युद्ध लड़ा गया और इस युद्ध में हेमू ने मुगलों को पराजित कर दिया। हेमू ने एक ही दिन के युद्ध के बाद 6 अक्तूबर, 1556 को दिल्ली फतह कर ली। इस युद्ध में लगभग 3,000 सैनिक मारे गए और तरडी बेग भाग खड़ा हुआ। विजयी हेमू ने शाही छत्र की छाया में दिल्ली में प्रवेश किया।

हेमू ने दिल्ली पर कब्जा कर लिया और अपने स्वतंत्र शासन की घोषणा की। हेमू ने सभी अफगान और राजपूत कमांडरों की मौजूदगी में पूरे धार्मिक विधि–विधान से 'पुराना किला' में अपना राज्याभिषेक किया। उन्होंने अपने नाम के सिक्के जारी किए और 'विक्रमादित्य' या राजा विक्रमजीत का ऐतिहासिक नाम धारण किया। हेमू ने सेना को पुनर्गठित करते हुए कुछेक नियुक्तियां कीं, लेकिन किसी भी अफगान कमांडर को उसके पद से नहीं हटाया। उन्होंने व्यापारिक व्यवस्था में भी महत्वपूर्ण सुधार किए। हेमू ने सभी भ्रष्ट अधिकारियों को बर्खास्त कर उनके स्थान पर नए अधिकारियों की तैनाती की। हेमू ने गौ–संरक्षण पर भी ध्यान केन्द्रित किया और गौ–हत्या को पूर्णतः प्रतिबंधित कर दिया।

यद्यपि हेमचन्द्र विक्रमादित्य का शासनकाल मात्र 29 दिन का ही था, फिर भी यह भारत के इतिहास का एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम है। हेमू ने सदियों के विदेशी शासन के बाद पुनः हिंदू साम्राज्य की स्थापना की। विश्व–प्रसिद्ध इतिहासकार आर.सी. मजूमदार ने इसे 'मुगल शासन काल के दौरान भारत के इतिहास में एक अद्वितीय घटना–क्रम बताया है'।

अकबर के हाथों से दिल्ली की सत्ता छिन जाने की खबर से कलानौर में मुगल सेना का मनोबल टूट गया। बहुत से कमांडरों ने हेमू से लड़ने से इनकार कर दिया। उन्होंने अकबर को काबुल लौट जाने की सलाह दी जहां वह सुरक्षित रहते। लेकिन बैरम खान ने इस बात को इनकार कर दिया और हेमू से युद्ध करने पर जोर दिया।

हेमू और मुगलों के बीच 5 नवम्बर, 1556 को पानीपत में युद्ध लड़ा गया। हेमू को अचेत, लगभग मरणासन्न अवस्था में बंदी बना लिया गया। बैरम खान की यह मांग थी कि अकबर, बंदी के सिर पर तलवार लहराते हुए गाजी कहलाए जाए। अकबर की फौज ने हेमू के गृहनगर अलवर पर भी फतह हासिल की।

मुगलों के प्रतिशोध और हिंसा का सिलसिला जारी रहा। संपूर्ण क्षेत्र में धूसर भार्गव वंशियों को खोज–खोजकर निर्ममता से उनके सिर धड़ से अलग कर दिए गए। उनके कटे हुए सिरों से पिरामिड बनाए गए। अकबर के काल की एक ऐसी पेटिंग राष्ट्रीय अभिलेखागार, नई दिल्ली में प्रदर्शित है और इसकी प्रतिकृति, पानीपत के युद्ध संग्रहालय में देखी जा सकती है। इस प्रकार, भारतीय इतिहास के एक गौरवशाली काल का अंत हुआ। 350 वर्षों से भी अधिक के विदेशी शासन के बाद दिल्ली में स्वदेशी शासन की पुनः स्थापना करने के हेमू के वीरतपूर्ण प्रयासों की जितनी भी प्रशंसा की जाए, वह कम है।

शौर्य, पराक्रम और वीरता के प्रतीक हेमचन्द्र विक्रमादित्य पर स्मारक डाक–टिकट जारी करते हुए डाक विभाग अत्यंत गौरवान्वित महसुस करता है।

आभार :

डाक–टिकट / प्रथम दिवस आवरण / विवरणिका : सुश्री नीतू अरोड़ा

विरूपण कैशे : सुश्री नीतू अरोड़ा

पाठ : प्रस्तावक द्वारा उपलब्ध कराई गई सामग्री के आधार पर

तकनीकी आंकड़े

TECHNICAL DATA

मूल्यवर्ग Denomination	: 500 पैसे : 500 p
मुद्रित डाक टिकटें Stamps Printed	: 302800 : 302800
मुद्रण प्रक्रिया Printing Process	: वेट ऑफसेट : Wet Offset
मुद्रक Printer	: प्रतिभूति मुद्रणालय, हैदराबाद : Security Printing Press, Hyderabad

The philatelic items are available for sale at Philately Bureaus across India and online at http://www.epostoffice.gov.in/PHILATELY_3D.html

©डाक विभाग, भारत सरकार। डाक टिकट, प्रथम दिवस आवरण तथा सूचना विवरणिका के संबंध में सर्वाधिकार विभाग के पास है।

©Department of Posts, Government of India. All rights with respect to the Stamp, First Day Cover and Information Brochure rest with the Department.

मूल्य ₹ 5.00